प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 10.01.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों के साथ की बैठक, झारखंड की ओर से वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर हुए शामिल।
2. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, शहरी क्षेत्रों में मैपिंग कार्य को प्राथमिकता देने का दिया निर्देश।
3. दुमका में आयोजित दिसोम सोहराय पोरोब में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन हुए शामिल, राज्य सरकार पर पेसा कानून के जरिये जल, जंगल, जमीन की मूल भावनाओं को खत्म करने का लगाया आरोप।
4. मौसम विभाग ने राज्य के कई इलाकों में ठंड से राहत के दिये संकेत, न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री बढ़ोत्तरी का जताया अनुमान।
5. रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में आयोजित महिला हॉकी इंडिया लीग के फाइनल मैच में एसजी पाइपर्स और श्राची बंगाल टाइगर्स आमने–सामने।

****

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण नई दिल्ली में बजट–पूर्व तैयारियों के तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों के साथ बैठक की अध्यक्षता कर रही हैं। बैठक में झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर भी मौजूद हैं। बता दें कि संसद का बजट सत्र इस महीने की 28 तारीख से शुरू होना है।

****

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने आज निर्वाचन सदन से सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी और उप निर्वाचन पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने बताया कि राज्य में विगत गहन पुनरीक्षण के मतदाता सूची से वर्तमान मतदाता सूची की मैपिंग का कार्य 70% पूर्ण हो चुका है। शहरी क्षेत्रों में मैपिंग कार्य को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया।

****

बैलेट पेपर के जरिए इस बार हो रहे नगर निकाय चुनाव में मतदाताओं को एक ही बैलेट बॉक्स में पार्षद और मेयर का वोट देना होगा। हालांकि इसके लिए पार्षद और मेयर के लिए दो अलग–अलग रंगों के बैलेट पेपर मतदाताओं को मिलेंगे. राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रक्रिया को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए सभी आरओ और एआरओ को प्रशिक्षित करने का निर्णय लिया है। इसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय में 16 जनवरी को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोग ने सभी जिलों को 50–50 चुनाव चिन्ह जारी करते हुए नोमिनेशन के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित करने का निर्देश दिया है।

****

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज रांची के तीनों नवनिर्वाचित जिला अध्यक्षों को सम्मानित किया। इस मौके पर रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी युवा नेतृत्व पर भरोसा रखती है। श्री सेठ ने कहा कि नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष मौजूदा राज्य सरकार की नाकामियों को जनता के बीच ले जाने का काम करेंगे। साथ ही नगर निकाय और नगर पंचायत के चुनाव मे भाजपा की जीत के लिए जमीन तैयार करेंगे।

****

दुमका के संताल परगना महाविद्यालय परिसर में संताली संस्कृति परिषद की ओर से दिसोम सोहराय पोरोब का आयोजन किया गया। सोहराय पर्व की धूम के साथ हजारों आदिवासी छात्र–छात्राओं ने पारंपरिक परिधान में मादर, ढोल और तमाक की लय पर थिरकते हुए सोहराय मनाया। कार्यक्रम में भाजपा नेता पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भी शामिल हुए। उन्होंने इस मौके पर पेसा कानून को लेकर राज्य सरकार पर सवाल उठाए हैं।

****

राजधानी रांची के धुर्वा क्षेत्र से 2 जनवरी को गुमशुदा बच्चों की तलाश के लिए भारतीय जनता पार्टी राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन पर दबाव बना रही है। भाजपा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, और रांची महानगर जिला अध्यक्ष वरुण साहू सहित कई भाजपा नेताओं ने पीड़ित परिवार के घर जाकर उनसे मुलाकात की और अब तक हुए पुलिस जांच के बारे में जानकारी ली।

****

लगभग दो साल से छात्रवृत्ति की राशि नहीं मिलने को लेकर एनएसयूआई के बैनर तले रांची में आज हज़ारों छात्र सड़क पर उतर आए। छात्रों ने रांची के मोराबादी स्थित बापू वाटिका से प्रदर्शन की शुरुआत की और लोक भवन के घेराव का ऐलान किया। प्रदर्शन में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की भी मौजूद रहे। मौके पर पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि जब तक केंद्र सरकार राज्य सरकार को छात्रवृत्ति की राशि उपलब्ध नहीं कराती, तब तक राज्य सरकार छात्रों को छात्रवृत्ति देने में सक्षम नहीं है।

****

बोकारो में चोरी और बढ़ते अपराध की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए रक्षक राइडर्स तैनात किया गया हैं। बोकारो के शहरी इलाके में रक्षक राइडर्स रात भर गश्त पर रहेंगे। इससे अपराध रुकेगा और अपराधी जिस तरह से बेखौफ होकर घूम रहे हैं उन पर भी अंकुश लगेगा।

****

26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले समारोह को लेकर जिला प्रशासन ने बैठक की। रांची डीसी और एसएसपी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिले के कई आलाअधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में आयोजन स्थल के साथ शहर की सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद कैसे होगी, इसको लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

****

मौसम विभाग के अनुसार रविवार से राज्य के अधिकांश जिलों में शीतलहर में कमी आने की संभावना है। इसके चलते न्यूनतम तापमान में 02 से 03 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी दर्ज की जा सकती है। जबकि राज्य के मध्यवर्ती जिलों रांची, खूंटी, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, बोकारो, लोहरदगा, कोडरमा और धनबाद के कुछ इलाकों में रविवार को शीतलहर चलने की संभावना बनी रहेगी। इसे देखते हुए इन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

****

रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में आयोजित महिला हॉकी इंडिया लीग का फाइनल मुकाबला मैच है। लीग के फाइनल में एसजी पाइपर्स और श्राची बंगाल टाइगर्स जीत के लिए आमने सामने है।

*******समाप्त********